Title: Regarding Compensatin to farmers for Crop-damage due to Natural Calamities in Rajasthan.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों समेत राजस्थान के लगभग 14 जिलों में खड़ी रबी की फसल की तरफ दिलाना चाहूँगा।

सभापति महोदय, एक तो पंजाब, राजस्थान को पूरा पानी नहीं दे रहा है। जब राजस्थान को पानी मिलता भी है तो वह केमिकल-युक्त गंदा पानी मिलता है। पिछले महीने जनवरी की शुरुआत और मध्य में उत्तर भारत समेत राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की ठंड के साथ ओलावृष्टि हुई और बरसात भी हुई थी, जिसकी सीधी मार गेहूं, जौ, चना, सरसों की फसलों और सब्जियों पर पड़ रही है। इस कारण यहाँ के किसानों को आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशानी उठानी पड़ रही है।

सभापति जी, श्रीगंगानगर में लगभग 3 लाख 27 हजार हेक्टेयर और हनुमानगढ़ में 2 लाख 37 हजार हेक्टेयर में जो सरसों की बिजाई की गई है, उसमें से 50 प्रतिशत फसल को सीधा नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही सब्जियों और आलू की फसल को भी भारी पैमाने पर नुकसान पहुँचा है।

महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि केन्द्र सरकार राजस्थान को आरक्षण दे। मेरे संसदीय क्षेत्र में किसानों को अचानक हुई वर्षा व ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान की भरपाई करने हेतु जल्द से जल्द, जितनी भी जमीन खराब हुई है, उसका सर्वे कराकर उसका मुआवजा किसानों को दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Krishnapalsingh Yadav - Not present.